# First Term Examination (21 September 2017)
## Subject - Hindi
## Class - VIII
## (SET - A)

**Time: 3 hrs.** **MM: 80**

**(भाग-क) पठन**

**प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें: (5)**

आज के गुरु सिर्फ सेवा लेने में ही चतुर हैं, देने में नहीं। उपनिषदों में आचार्यो ने कहा, "सेवा देने की चीज है, लेने की नहीं।" सेवा लेने के अधिकारी बच्चे, असहाय और वृद्ध हैं। बच्चों को परमेश्वर का ही मूर्तरूप समझ सेवा रूपी पूजा से उनकी शक्ति को प्रज्वलित करने की क्षमता और सहृदयता रखने वाले ज्ञानी और तपस्वी पुरोहित आजकल के गुरु नहीं रह गए हैं। किसी भी देव-मंदिर की मूर्ति की शक्ति उतनी मात्रा तक ही संभव है जितनी मात्रा तक उसके पुजारी की भाव-पूजा में नैवेद्य भरी रहती है। मूर्ति में स्वयं कुछ भी नहीं है। पुजारी की शक्ति ही मूर्ति में विकसित होने लगती है। काश! भारतीय संस्कृति का यह रहस्य भारतीय समझ पाते। इसका ज्ञान न होना ही तो आज हमारे सारे दुखों का कारण है।

क) लेखक ने आज के गुरुओं को किसमें चतुर माना है?
ख) सेवा लेने का अधिकारी कौन है?
ग) बच्चों को किसका रूप मानना चाहिए?
घ) देव मंदिर की मूर्ति की शक्ति किससे पता चलती है?
ङ) आज कल किस तरह के गुरु नहीं मिलते?

**प्र2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (5)**

क्या यह संभव नहीं
व्यवस्था में जग की कुछ हो परिवर्तन
कर्म और गुण के समान ही
सकल आय-व्यय का हो वितरण?
घुसे घरौंदों में मिट्टी के
अपनी-अपनी सोच रहे जन
क्या ऐसा कुछ नहीं।
फूँक दे जो सबमें सामूहिक जीवन
मिलकर जन-निर्माण करें जग
मिलकर भोग करें जीवन का

जन विमुक्त हो जन शोषण से
हो समाज अधिकारी धन का?
दरिद्रता पापों की जननी
मिटें जनों के पाप, ताप, भय
सुंदर हो अधिवास, वसन, तन
पशु पर फिर मानव की हो जय?
व्यक्ति नहीं, जग की परिपाटी
दोषी जन के दुख क्लेश की
जन का श्रम जन में बँट जाए
प्रजा सुखी को देश देश की!

क) कर्म और गुण के समान ही कवि किसका वितरण चाहता है?
ख) कवि धन का अधिकारी किसे मानते हैं?
ग) कवि किसको मिटाना चाहता है?
घ) प्रजा कब सुखी होगी?
ङ) पद्यांश में से अवगुण का विलोम शब्द छाँट कर लिखें।

A-1

## (भाग-ख) व्याकरण

**प्र3. निर्देशानुसार करें।**

**क) वर्ण-विच्छेद करें:** परिपूर्ण, आश्रय (2)

**ख) अनुस्वार, अनुनासिक और नुक्ता चिह्न का प्रयोग करके लिखें:** (2)
मेज, सूघना, घोसला, खभा

**ग) शब्द शुद्ध करें:** नमश्कार, छेत्र, कवियित्री, कार्यकर्म (2)

**घ)** 1. वर्णो के मेल से .................. बनते है। (2)
2. 'मोहन स्कूल जा रहा है।' वाक्य में रेखांकित शब्द है या पद?

**ङ) संधि करें:** गंगा + ऊर्मि, भाव + ऐश्वर्य (1)

**च) सही संधि विच्छेद चुनें:** 1. मुनींद्र - मुनि+ईंद्र, मुनी+इंद्र, मुनि+अंद्र, मुनि:इंदर (1)
2. महौज - मह+ओज, महा+औज, महा+ओज, मह+औज

**छ)** 1. 'पराधीन' शब्द में से उपसर्ग एवं मूल शब्द अलग करें। (2)
2. 'आवट' प्रत्यय लगाकर दो शब्द बनाएँ।

**ज)** 1. रेखांकित शब्दों को समस्तपद में बदलकर वाक्य दोबारा लिखें: (2)
भगत सिंह के लिए देश की भक्ति ही सबसे बड़ा धर्म था।
2. 'चरित्रहीन' का समास विग्रह करके भेद बताइए।

**प्र4क) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द क्या है? सही विकल्प चुनिए:** (1)
यह पुस्तक रमेश की है। (1) निश्चयवाचक सर्वनाम (2) सार्वनामिक विशेषण

**ख) 1. वाक्य में उद्देश्य तथा विधेय छाँट कर लिखें:** (1)
राधा बोतल में पानी भर रही है।

**ग) 2. रचना के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद बताएँ:** (2)
- जो परिश्रम करेगा वही सफल होगा।
- वह आलसी होने के कारण फेल हुआ।

**प्र5. रेखांकित पदबंध का भेद बताइए-** (1)
माँ की गोद में बच्चा हँस रहा था।

**प्र6.क) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार का नाम बताइए-** (2)
पाँच सुपारी तो देख बिचारि के, भेंट को चारी न चाउर मेरे।

**ख)** अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण लिखें।

**प्र7.क) उचित मुहावरा भरकर वाक्य पूरा करें -** (2+1)
- पिता की मौत से तो राजेश पर ..................।
- सोनल ने ऐसा नाच दिखाया कि माँ ने प्यार से उसे .............।

**ख) लोकोक्ति को पूरा कीजिए और वाक्य में प्रयोग कीजिए:**
अधजल गगरी ............

**प्र8. निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त विराम चिह्न लगाकर पुनः लिखें-** (2)
- हम कल दिल्ली जाएँगे वहाँ पहुँचकर लाल किला देखेंगे
- वसंत कुछ सोचते हुए मुझे तो उनके पैसे लौटाने है

A-2

## (खण्ड-ग) पाठ्य पुस्तक

**प्र9. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें:** (3)

उत्पात, बापुरो, रव, उत्साह, नीड़, एकांत

**प्र10. निम्नलिखित शब्दों को वाक्य में प्रयोग करें:** (3)

दुर्लभ, ख्याति, वृद्धावस्था

**प्र11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:**

क) राजा दलपतिशाह के निधन के बाद रानी दुर्गावती ने कहाँ का सिंहासन संभाला? (1)

ख) पक्षी सपने में क्या देखता है? (1)

ग) पर्वतों को काटकर साहसी मनुष्य ने क्या बनाया है? (1)

घ) कवि के अनुसार कर्मवीर विघ्न बाधाओं से स्वयं को कैसे निकालते हैं? (2)

ङ) मित्र बनाते समय हम किन-किन बातों को ध्यान में रखते हैं? 'मित्रता' पाठ के आधार पर लिखिए। (2)

च) 'बस की यात्रा' पाठ के लेखक ने कंपनी के हिस्सेदार के बारे में क्या बताया है? (2)

**प्र12.** रहीम जी के दोहों में मित्रता एवं संगति के विषय में क्या समझाया गया है तथा इसके लिए कौन-कौन से उदाहरण दिए गए हैं? (4)

## (खंड-घ) लेखन

**प्र13. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर एक विषय पर अनुच्छेद लिखें:** (5)

**प्रकृति का क्रूर परिहास: बाढ़**

**संकेत बिंदु:** बाढ़ के कारण, बाढ़ का स्वरूप, परिणाम, बाढ़ एक अभिशाप, उपसंहार

**अथवा**

**आत्मविश्वास और घमंड**

**संकेत बिंदु:** अर्थ, कारण और परिणाम, किसे अपनाना चाहेंगे और क्यों?

**प्र14.** विदेश जाने वाली/वाले सखी/मित्र को उसकी मंगलमयी यात्रा के लिए शुभकामनाएँ देते हुए पत्र लिखें। (5)

**अथवा**

अपने क्षेत्र में बच्चों के खेलने के लिए पार्क विकसित करवाने हेतु नगर निगम के अधिकारी को पत्र लिखें।

**प्र15.** पटरी पर दुकान लगाने वाले दो व्यक्तियों के बीच होने वाले संवाद लिखें। (5)

**प्र16.** एक वाशिंग पाउडर के लिए विज्ञापन तैयार करें। (5)

**प्र17. नीचे दिए गए चित्र को देखकर अपने मन में उभरे विचारों को 25-30 शब्दों में लिखें:** (5)




A-3